सोमवार
20 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज






भोजपुर पुलिस ने बिहिया से 59 कार्टून फेंसाडिल कफ सिरप किया बरामद 2



प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## खबरें फटाफट

### पाकिस्तान से पंजाब में ड्रोन से भेजी जा रही थी ड्रग्स

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की ओर से पंजाब में ड्रग्स भेजने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पंजाब के युवाओं को बिगाड़ने के लिए पाकिस्तान की तरफ से चोरी-छिपे ड्रग्स और हथियार भेजे जाते हैं। इसके लिए अब ड्रोन का सहारा लिया जाता है। हालांकि बॉर्डर पर तैनात भारतीय जवान अक्सर इन साजिशों को नाकाम कर देते हैं। बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर बॉर्डर पर पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में सफलता हासिल की है। सर्च ऑपरेशन में बीएसएफ के जवानों ने मारे गए ड्रोन के साथ 4 पैकेट हेरोइन भी बरामद की है। हेरोइन का वजन 2.730 किलोग्राम है। पाकिस्तान की ओर से आया ड्रोन चीन का बना हुआ है। यह घटना गुरदासपुर बॉर्डर के घनिके बीओपी की है।

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर 25 गाड़ियां टकराई

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रविवार कोहरे के चलते भीषण सड़क हादसा हो गया। गाजियाबाद के डासना में एक के बाद एक 25 गाड़िया आपस में टकरा गई। घटना के चलते चीख पुकार मच गई और एक्सप्रेसवे पूरी तरह जाम हो गया। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घटना स्थल पर राहत-बचाव कार्य शुरू किया। गनीमत ये रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### इंडो नेपाल बॉर्डर पर 800 किलो गांजा पकड़ाया

**सुपौल।** बिहार के सीमावर्ती सुपौल जिले के इंडो नेपाल अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर करोड़ों की अवैध गांजा के साथ एक गांजा तस्कर को एसएसबी जवानों ने गिरफ्तार किया है। इंडो नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा में तैनात एसएसबी 45 वी बटालियन के जवानों ने गुप्त सूचना पर सीमावर्ती इलाके के दो अलग-अलग बॉर्डर आउट पोस्ट के जवानों ने करीब 800 किलो गांजा पकड़ा है। वीरपुर के एसएसबी 45 वीं बटालियन के कमांडेंट आलोक कुमार ने इसकी जानकारी दी।

### पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के दूसरे हिस्सों में भी संयंत्र लगाने का लिया फैसला

# उत्तर भारत का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र हरियाणा में बनेगा

- परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह बोले- देश की परमाणु क्षमता बढ़ाने के लिए पिछले 8 साल में कई बड़े फैसले लिए गए
- मोदी सरकार ने 10 परमाणु रिएक्टरों की स्थापना को मंजूरी दी है, पहले ज्यादातर प्लांट तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में लगाए गए

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उत्तर भारत का पहला परमाणु संयंत्र हरियाणा के गोरखपुर में बनाया जाएगा। जो नई दिल्ली से लगभग 150 किमी दूर उत्तर में स्थित है। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने उत्तर भारत सहित देश के दूसरे हिस्सों में भी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बनाने का फैसला किया है। पहले के ज्यादातर न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों या पश्चिम में महाराष्ट्र में ही बनाए गए थे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ये पीएम मोदी के शासन काल की प्रमुख उपलब्धियों में से एक होगा।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने ये भी कहा कि भारत की परमाणु क्षमता को बढ़ाने के लिए पिछले 8 साल में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। मोदी सरकार ने 10 परमाणु रिएक्टरों की स्थापना को मंजूरी दी है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने परमाणु ऊर्जा विभाग को परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को निजी निवेश के लिए खोलने और संसाधनों के लिए सार्वजनिक उपक्रमों के साथ साझेदारी में ज्वाइंट वेंचर बनाने की भी मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि एटॉमिक एनर्जी में आने वाले वक्त में भारत की हर एनर्जी जरूरत को पूरा करने की क्षमता है।



गोरखपुर हरियाणा अनु विद्युत परियोजना में 700 मेगावाट क्षमता की दो यूनिट हैं। इनमें स्वदेशी डिजाइन का प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर लगाया जाना है। ये एटॉमिक प्लांट हरियाणा में फतेहाबाद जिले के गोरखपुर गांव के पास बनाया जा रहा है। अब तक कुल आवंटित 20,594 करोड़ रुपये में से 4,906 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है। परियोजना के निर्माण का काम अच्छी तरह से चल रहा है। परियोजना को लगातार ठंडे पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए टोहाना से जीएचएवीपी तक हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग (एचआई और डब्लयूआरडी) पानी की सप्लाई का प्रबंध करने की व्यवस्था को बनाने का काम कर रहा है।

# पटना में पार्किंग के विवाद में 50 राउंड फायरिंग, दो लोगों की मौत, छह घायल

- नदी थाना क्षेत्र के जेठूली गांव का मामला, घटना के बाद इलाके में तनाव, पुलिस तैनात
- दो युवकों की मौत से गुस्साए लोगों ने आरोपी के कम्युनिटी हॉल और घर में आग लगा दी

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में रविवार को पार्किंग को लेकर हुए विवाद में जमकर गोलीबारी हुई है। एक पक्ष के लोगों ने करीब 50 राउंड फायरिंग की। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला नदी थाना क्षेत्र के जेठूली गांव का है। ताबड़तोड़ गोलीबारी की घटना से इलाके में सनसनी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, गोलीबारी से आक्रोशित पीड़ित पक्ष और स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल किया और हत्यारोपी के कम्युनिटी हॉल में आग लगा दी। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले लोगों को समझाने बुझाने की कोशिश की। लेकिन जब वह नहीं माने तो पुलिस ने लोगों को खदेड़ दिया। इसके बाद वरीय पुलिस अधिकारी के आदेश पर इलाके में काफी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं। फिलहाल पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।






गोलीबारी के विरोध में पीड़ित पक्ष के लोग और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। लोगों ने सतीश राय के कम्युनिटी हॉल और उसके घर में आग लगा दी। घर में फंसे लोगों ने किसी तरह खिडकी से कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते घर के पुरे सामान जलकर राख हो गए। लोगों ने आगजनी कर सड़क पर जमकर बवाल किया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग को बुझाने में जुट गई। अगलगी में लाखों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि गाड़ी हटाने को लेकर मामूली विवाद हुआ था, जिसके बाद एक गुट ने पहले गाली-गलौज की। फिर कुछ लोग जुटे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इनमें से गौतम कुमार और रोशन राय की मौत हो गई।

मारे गए गौतम कुमार के चाचा ने बताया कि वो लोग अपनी निजी पार्किंग से गाड़ी निकाल रहे थे। रास्ते में आरोपी पक्ष के लोगों की गाड़ी से गिट्टी उतारी जा रही थी। गाड़ी हटाने को कहा गया तो लोगों ने झगड़ा शुरू कर दिया। और झगड़ा बढ़ते चला गया। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार के संजीत कुमार उर्फ टुनटुन यादव ने बताया कि रविवार को कार पार्किंग को लेकर जेठूली गांव के रमेश राय, सतीश राय, उमेश राय, बच्चा राय ने मिलकर गौतम कुमार पर जमकर गोलीबारी की। उन्होंने यह भी बताया कि उमेश राय गुट के लोगों ने 50 राउंड से भी अधिक गोलीबारी की, जिसमें गोली लगने से 6 लोग घायल हो गए। परिजनों का कहना है कि फायरिंग में गौतम कुमार और रोशन राय की मौत हो चुकी है।

## नीतीश से बिहार संभल नहीं रहा, देश संभालने की बात कर रहे : रविशंकर

**केटी न्यूज/पटना**

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि नीतीश कुमार से बिहार तो संभल नहीं रहा है और वे देश संभालने की बात कर रहे हैं। रविशंकर प्रसाद ने यह बात नीतीश के उस बयान के जवाब में कही, जिसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के 100 सीटों पर सिमटने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि नीतीश का पीएम बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा क्योंकि देश की जनता पीएम मोदी और उनकी लीडरशिप पर यकीन करती है।

रविशंकर ने कहा कि नीतीश कई बार प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाए जाने की इच्छा जता चुके हैं, जबकि उनसे अपना राज्य ही नहीं संभल रहा है। नीतीश कुमार हों या कोई और, उन्हें यह पता होना चाहिए कि ढट मोदी की लीडरशिप में देश ने बहुत तरक्की की है, जबकि नीतीश तो अभी तक अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता भी नहीं बना पाए हैं। रविशंकर प्रसाद ने कहा- नीतीश कुमार को क्या हो गया है? वे बिहार को संभालने में सक्षम नहीं हैं। राज्य संकट में है। उनकी पार्टी में



अराजकता है। कांग्रेस उन्हें भाव नहीं दे रही है, इसके बाद भी वे लालूजी के चक्कर में फंस गए हैं और रात में सपने देखने लगे है। नीतीश बाबू देवगौड़ा या इंद्र कुमार गुजराल बनना चाहते हैं। वे यह नहीं देख रहे हैं कि ढट मोदी के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। पटना में शनिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में नीतीश ने कहा था- अब कांग्रेस को निर्णय लेना होगा कि 2024 में क्या रणनीति होनी चाहिए और विपक्षी एकता को किस तरह से मजबूत करना चाहिए। यदि कांग्रेस इस बात पर तैयार हो जाए तो 2024 में भाजपा 100 सीटों के अंदर सिमट कर रह जाएगी।

## बाइक रैली निकाल आमजन तक पहुंचेंगे पुलिस कर्मी, जानेंगे हाल

**केटी न्यूज/पटना**

27 फरवरी से शुरू होनेवाले बिहार पुलिस दिवस दिवस को लेकर रविवार को राज्य के डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी ने एक वीडियो संदेश जारी किया। अपने संदेश में डीजीपी ने कहा कि प्रत्येक साल 27 फरवरी को हम बिहार पुलिस दिवस मनाते हैं। लेकिन, 2023 का बिहार पुलिस दिवस आमजन को समर्पित किया गया है। इस कारण हमने इसे जन-जन की ओर बढ़ते कदम का नाम दिया है।

इस अभियान के तहत जन सहभागिता के लिए पुलिस की तरफ से बाइक रैली निकाली जाएगी और पुलिस कर्मी सीधे पब्लिक से मुखातिब होगी। पुलिस से जुड़ी समस्याओं और सुझावों के बारे में जानेगी। पुलिस की जन सहभागिता बाइक रैली 20 फरवरी से शुरू होगी और 26 फरवरी तक चलेगी। इसके तहत शहरी क्षेत्र के हर वार्ड के साथ ही राज्य के 46 हजार गांव में पुलिसकर्मी पहुंचेंगे। डीजीपी ने कहा कि इस दरम्यान पुलिस कर्मी आप से बात करेंगे। आपकी समस्याओं को जानेंगे। पुलिस



के प्रति आपकी अपेक्षाओं को वो समझेंगे। साथ ही आपके बहुमूल्य सुझाव भी प्राप्त करेंगे।

साथ ही आपकी समस्याओं के निवारण के लिए पुलिस के सिस्टम के बारे में भी आपको अवगत कराएंगे। इसी कड़ी में 27 फरवरी को जनसेवा में राज्य के पुलिसकर्मी अपना ब्लड डोनेट करेंगे। जिसे बिहार के सरकारी ब्लड बैंक में जमा किया जाएगा। जिसका उपयोग आम लोगों की मदद के लिए किया जा सकेगा। डीजीपी ने राज्य की पब्लिक से भी बिहार पुलिस के इस अभियान में जुड़ने और सहयोग करने की अपील की है।






### बीएचयू और पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र व होमी भाभा कैंसर अस्पताल के बीच समझौता

# अब मालवीय कैंसर केंद्र में भी छूट पर हो सकेगी जांच

**एजेंसी/वाराणसी**

कैंसर बीमारी से जुड़ी जांच की जो सुविधा बीएचयू के सर सुंदरलाल अस्पताल में नहीं है वह जांच महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल में छूट पर होगी। टाटा कैंसर अस्पताल के निदेशक प्रो. एसके प्रधान ने बताया कि छूट में जांच के लिए दोनों संस्थानों में छावनी स्थित होटल क्लार्क में आयोजित कार्यक्रम में समझौता हुआ। इस पहल से मरीजों को राहत मिलेगी। बताया कि टाटा कैंसर अस्पताल में जांच के लिए तीन श्रेणी प्राइवेट, जनरल व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए है। बीएचयू से कैंसर के जो मरीज आएंगे उन्हें इन्हीं श्रेणियों के अनुसार जांच में छूट दी जाएगी। अन्य रोगों के मरीजों की जांच पर 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। इसके लिए बीएचयू में उपचार का विवरण होना



चाहिए। इस सुविधा का लाभ पाने के लिए चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय से रेफर भी कराना होगा। इस मौके पर बीएचयू कुलपति प्रो. सुधीर के जैन, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बीएचयू के निदेशक प्रो. एसके सिंह, एसएस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. केके गुप्ता, टाटा कैंसर अस्पताल के चिकित्सा अधिक्षक डा. आकाश आनंद आदि मौजूद थे।

बीएचयू के सुंदर बगिया स्थित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र व लहरतारा स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 फरवरी 2019 को किया था। चौथे स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई के निदेशक (मेडिकल विंग) डॉ. आरए बडवे ने शनिवार को छावनी स्थित होटल क्लार्क में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सुंदर बगिया के अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को ठहरने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। परिसर में 304 लोगों के ठहरने के लिए धर्मशाला लगभग तैयार है। निर्माण में जो भी कार्य बाकी है उसे तत्काल पूर्ण करने को सीपीडब्ल्यूडी को कहा गया है। नैवैद्यम भोजनालय का उद्घाटन 19 फरवरी को होगा। यह भोजनालय अन्नपूर्णा सेवा समिति की ओर से संचालित किया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### सड़क हादसे में व्यवसायी की मौत

**डेहरी।** जिले के डेहरी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड फोरलेन पर मनौरा गांव के पास रविवार सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यवसायी की मौत हो गई। मृतक की पहचान रुद्रपुरा गांव के विनोद (50) के रूप में की गई है। विनोद सिंह डेहरी से अपने गांव जा रहे थे। इस क्रम में मनौरा गांव के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। लोगों ने पुलिस को 112 नंबर पर सूचित किया। सूचना पाकर पहुंची 112 की टीम ने ग्रामीणों की सहायता से शव को मुफ्फसिल थाना पहुंचाया। बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान हुई, इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। विनोद सिंह डेहरी के निरंजन बिगहा में परिवार के साथ रहते थे। सुबह वह अपने ग्लैमर बाइक से दूध लाने गांव रुद्रपुर जा रहे थे। इस क्रम में दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। विनोद सिंह ही फैमिली में एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, ऐसे में उनकी मौत से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

### छात्रों के बीच विवाद में परिजन भिड़े

**जहानाबाद।** स्कूली छात्रों के बीच के मामूली विवाद में एक गुट के लोगों ने दूसरे गुट के पिता-पुत्र की पिटाई कर घायल कर दिया। इस संबंध में कड़ौना ओपी के हरपुरा गांव के निवासी राकेश कुमार के बयान पर ओपी में मामला दर्ज कराया गया है जिसमें नामजद व अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। सूचक का कहना है कि शनिवार को उनके पुत्र सौरभ कुमार पर उसी के क्लास का एक लड़का किताब चोरी का आरोप लगाने लगा।

# भोजपुर पुलिस ने बिहिया से 59 कार्टून फेंसाडिल कफ सिरप किया बरामद

- बिहियां थाना क्षेत्र के साहेब टोला वार्ड एक में ड्रग माफिया द्वारा भारी मात्रा में किया गया था कफ सिरप का भंडारण
- 59 कार्टून में करीब 11844 बोतल के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की बिहियां थाना क्षेत्र के साहेब टोला वार्ड एक में अवैध तरीके से ड्रग माफियों के द्वारा भारी मात्रा में कफ सिरप का भंडारण किया गया है, जिसके बाद भोजपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। टीम के द्वारा साहेब टोला वार्ड एक निवासी धरीक्षण सिंह के मकान की सघन तलाशी ली गई ।

तलाशी के दौरान के मकान के गुप्त जगह पर भारी मात्रा में फेंसाडील कफ सिरफ का भंडारण किया गया है। छापेमारी के दौरान 59 कार्टून फेंसाडिल कफ सिरप बरामद किया गया है। 59 कार्टून में करीब 11844 बोतल है जिसमें 1184.4 लीटर कफ सिरप है। साथ ही पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बिहियां थाना क्षेत्र के कवलपटी गांव निवासी रामरूप आझा के पुत्र नागेंद्र ओझा है।

इधर,पुलिस अधिक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि बिहिया थाना अंतर्गत यह केस एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुआ है। बीच में जो हम लोगों का एनडीपीएस को लेकर अभियान चल रहा है। इसी के तहत हम लोगों को गुप्त सुचना प्राप्त हुई के बिहिया थाना अंतर्गत साहजी के टोला है वहां पर लगातार को कोटीन नामक सिरप बेची जा रही है। जिसे लोग नशे के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। उसी गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया।

जगदीशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह,बिहिया थाना प्रभारी उदयभानु सिंह,सर्किल इंस्पेक्टर बिहिया एवं अन्य पुलिसकर्मी टीम ने एक छापामारी की। छापेमारी के उपरांत साहजी के टोला के पास एक घर था वहां पर छापामारी के दौरान काफी मात्रा में कोटिन स्पीड सिरप बरामद हुआ। कुल 59 कार्टून जिसमें 11844 बोतल की संख्या थी और 1184 लीटर की मात्रा जब किया गया। उसका मूल लगभग 23 लाख से ज्यादा है। उसके बाद इसके बारे में पता किया गया कि यह किसका है। उसमें तीन मुख्य अभियुक्त है। लेकिन एक मुक्त अभियुक्त जो वहां पर देखभाल करता था और उसका बिक्री करवाता था। वह बिहिया थाना क्षेत्र के कलवटी निवासी रामस्वरूप ओझा का पुत्र नागेंद्र ओझा है उसे गिरफ्तार कर लिया गया और जो दोनों को अभियुक्त हैं उनका भी नाम आ गया है।उनकी भी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### मैट्रिक की परीक्षार्थी के संग जबरदस्ती, आरोपित गिरफ्तार

**आरा।** जगदीशपुर थाना के एक गांव में नामजद युवक ने 16 वर्षीय युवती के साथ जबरजस्ती का प्रयास किया है। इस मामलें में पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रात्रि में ही युवती का मेडिकल जांच का कारवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि युवती मैट्रीक की परीक्षा दे रही है। रात्रि में परीक्षा की तैयारी घर से शौच करने निकली थी। युवती को अकेला पाकर युवक ने ऐसा हरकत कर डाला। बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक कृष्णा कुमार है जो टेन्ट हाउस का काम करता है।

### रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव की घटना, लोगों में दहशत

# आपसी विवाद में बाइक सवार अपराधियों ने युवक को सीने में मारी गोली, हालत गंभीर

- गोली क्यों और किसके द्वारा मारी गई है यह साफ नहीं है
- घायल युवक को गंभीर स्थिति में बिक्रमगंज के निजी अस्पताल में कराया गया है भर्ती

**केटी न्यूज/रोहतास**



रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में रविवार शाम आपसी विवाद में एक युवक को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। घायल युवक को गंभीर स्थिति में बिक्रमगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रघुनाथपुर गांव के बाल पर खेल-कूद चल रहा था और गांव के युवक जुटे थे।

इस बीच वहा बाइक पर सवार अपराध पहुंचे और फायर किया, जिसमें गोली लगने से रघुनथपुर गांव के राजबली महतो का बेटा रविकांत कुमार घायल हो गया। गोली चलने से गांव में हड़कंप मच गया। घायल युवक के परितजन गोली लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। उसे आनन-फानन में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, काराकाट ले जाया गया, जहां गंभीर हालत में उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन घायल युवक को बिक्रमगंज के करूणा अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताते है कि आपसी विवाद में गोली चलाई गई है। घटना की सूचना के बाद काराकाट थाना की पुलिस, अस्पताल पहुंची है। वारदात की सूचना के बाद बिक्रमगंज एसडीपीओ शशिभूषण सिंह भी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ले रहे हैं। काराकाट थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल युवक के सीने में गोली लगी है। गोली क्यों और किसके द्वारा मारी गई है यह साफ नहीं है। मामले की जानकारी ली जा रही है, घायल का बयान लेने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अपराधियों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### रोहतास के दावथ में गोली लगने से ठेकेदार घायल

रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के नकटौली गांव के समीप निर्माणधीन पैक्स गोदाम के पास रविवार को चली गोली में ठेकेदार घायल हो गया। घायल का इलाज बिक्रमगंज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार नकटौली गांव के पास गिधा पैक्स गोदाम बन रहा है। यहां आज निर्मार्णधीन गोदाम निवासी विजय यादव के 22 वर्षीय पुत्र डब्लू कुमार को किसी ने गोली मार दिया, जो उसके गर्दन पर लगी है। बताते हैं कि उस समय पर तीन लोग थे, दो अन्य ने गोली मारने वालों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह भागने में सफल रहा। लोगों ने घायल को पीएचसी, दावथ ले गए। यहां से उसे रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि धायल को बिक्रमगंज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी के कारणों का पता चनही चल सका है। ठेकेदार द्वारा अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### भारी मात्रा में शराब के साथ चार गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाना पुलिस की टीम ने शनिवार को मझौंवा गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से तीन बाइक तथा चार मोबाइल भी जप्त किया। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के मझौली गांव निवासी सुरेश उपाध्याय के पुत्र पंकज उपाध्याय, स्व. ठिली यादव का पुत्र कमलेश यादव, सुरेश यादव का पुत्र विशाल यादव एवं आरा नगर थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव निवासी स्व.रामेश्वर सिंह का पुत्र सोनू कुमार सिंह है। गिरफ्तार लोगों के पास से 25.8 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी के विरुद्ध धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। दूसरी ओर गडहनी थाना पुलिस ने बाइक पर लोड 110 लीटर महुआ शराब बरामद किया। हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पुलिस इस मामले में धारा 30 (ए) बिहार मधनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

### महिला को ससुराल वालों ने प्रताड़ित कर घर से निकाला, थाने में शिकायत

**जहानाबाद।** परसविगहा थाना क्षेत्र के मुसतीचक गांव में एक महिला को ससुराल वालों ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में सूचक मिंटू देवी ने उल्लेख किया है कि मेरी शादी वर्ष 2013 में राजेंद्र प्रसाद के पुत्र विनोद कुमार उर्फ ब्रजेश कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। मेरी एक बच्ची भी है। इधर समय बीतने के साथ ही पति सास-ससुर व देवर के द्वारा एक कट्ठा जमीन दिलवाने को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। हालांकि मैके की स्थिति से बार-बार अवगत कराते रहे। बावजूद ससुराल वाले नहीं माने और घर से निकाल दिया। मेरा पति बिहार पुलिस में है जो अन्यत्र दूसरी शादी भी कर लिया है और अब मुझे रखने से साफ मना कर रहा है। इधर थाने के पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## हथियार व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार, स्कॉर्पियो जब्त

**आरा।** भोजपुर पुलिस की टीम ने शनिवार को कोईलवर थाना अंतर्गत धनडींहा गांव में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से एक स्कार्पियो को जब्त किया। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी 23 को 2 एवं 3 बजे के बीच सूचना प्राप्त हुई कि कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडींहा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट एवं गोलीबारी की घटना हो रही है। प्राप्त सूचना के सत्यापन, अवैध हथियार की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उनके निर्देशन में एक टीम बनाई गई। जिसका नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक हिमांशु कर रहे थे। टीम में कोईलवर थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल को घेर कर छापेमारी की गई, जिसमें अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडींहा गांव निवासी कामता सिंह का पुत्र नीतलाल सिंह है। इस मामले में गिरफ्तार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## एटीएम कार्ड बदल खाते से उड़ा लिए 75 हजार रुपये

**जहानाबाद।** शहर के अरवल मोड़ के समीप एक एटीएम सेंटर में जालसाज व्यक्ति ने एक महिला सांख्यिकी अधिकारी के साथ जालसाजी कर उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और उनके खाते से 75 हजार रुपये उड़ा लिए। इस संबंध में वैशाली जिला के बिदुपुर थाना अंतर्गत माइल गांव की निवासी और गया में कनीय सांख्यिकी अधिकारी के पद पर कार्यरत पूजा कुमारी के बयान पर जहानाबाद नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उक्त महिला अधिकारी का कहना है कि वह जहानाबाद आई थीं और बाजार का काम निपटाने के बाद यूनियन बैंक के एटीएम का कार्ड जनरेट करने के लिए अरवल मोड़ के समीप एक एटीएम सेंटर में गई थी। वह कार्ड को जेनरेट करने की प्रक्रिया कर रही थीं। उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और यह कहा कि इस तरह से जेनरेट नहीं होता है।उन्होंने उसका विरोध किया। महिला का कहना है कि इस बीच वह बरगलाकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर दिया और दूसरा एटीएम कार्ड थमाकर चुपके से चला गया। कुछ देर के बाद उनके खाते से चार बार मे 75 हजार रुपये की निकासी हो जाने का मैसेज आया। वह आनन फानन में जहानाबाद स्थित यूनियन बैंक में गई और अपना खाता बंद कराया। इसके बाद अज्ञात के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी।

# जहानाबाद पुलिस को सफलता... 3100 लीटर जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण को किया नष्ट

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने एक बार फिर बड़ी करवाई की। पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी कर तीन हजार एक सौ लीटर जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया। इस क्रम में 22 लोग गिरफ्तार किए गए जिसमें पांच महिलाएं समेत 10 लोग शराब के धंधेबाज हैं। 61 लीटर निर्मित महुआ शराब भी जप्त की गई। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट नित्यानंद प्रसाद ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि होली पर्व को देखते हुए और उत्पाद अधिनियम का कड़ाई से पालन कर जिले में लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी बीच गुप्त सूचना पाकर गठित छापेमारी दल के द्वारा जिले के विभिन्न बाजार, गांव, महादलित टोले और बधार में छापेमारी की गई। सर्च अभियान चलाया गया जिसमें धंधेबाजों के द्वारा छिपाकर रखा हुआ तकरीबन 31 सौ लीटर जावा महुआ मिला जिसे वहीं पर विनष्ट किया गया। विभिन्न स्थानों पर शराब के नशे में धुत 12 लोगों को पकड़ा गया। छापेमारी के क्रम में हीं पांच महिलाएं शराब का धंधा करने के मामले में गिरफ्तार की गईं। अवैध धंधे में लिप्त पांच पुरुष भी पकड़े गए। उनके ऊपर शराब का कारोबार करने का आरोप है। सभी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### युवक के साथ मारपीट कर छीन लिये पैसे

काको थाना क्षेत्र के सैदाबाद गांव के निवासी महेंद्र कुमार नामक एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और उनकी जेब से पांच हजार रुपये छीन लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। केस वापस नहीं लेने के कारण घटना को अंजाम दिए जाने का आरोप लगा उक्त व्यक्ति ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि जहानाबाद कोर्ट में उनके मुकदमे की तारीख चल रही हैं। गत दिनों वह मुकदमे की तारीख पर कोर्ट में आए थे। कोर्ट से निकलने के बाद जब बाहर निकले, उस दौरान तीन नामजद लोगों ने उन्हें घेर लिया। गाली - गलौज कर केस वापस लेने की धमकी दी। मारपीट कर पॉकेट से पांच हजार रुपये निकाल लिए।



केशव टाइम्स

बक्सर, 20 फरवरी 2023




## खबरें फटाफट

### ई रिक्शा की चार बैटरियां चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के डीके कॉलेज मोहल्ले से अज्ञात चोरों द्वारा ई रिक्शा की चार बैटरियां और चार्जर चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित उपेंद्र गोस्वामी के पुत्र मनु गोस्वामी ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है और इसकी जांच-पड़ताल करने की गुहार लगायी है। बताया जाता है कि पीड़ित 15 फरवरी को अपने घर पर ई रिक्शा की चार बैटरियां और चार्जर रखा था, जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। मनु ने बताया कि इसी ई रिक्शे को से वह अपनी आजीविका चलाता है। चोरों ने उसकी आजीविका बंद करा दी है। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी, कटा पैर

**बक्सर।** बक्सर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जख्मी युवक सत्येन्द्र राजभर पिता बलिस्टर राजभर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला के गहमर थाना अंतर्गत परमानुपर गांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह बक्सर में किसी टेज्न पर चढ़ने के दौरान टैज्क में गिर गया। हालांकि उसकी जान तो बच गई लेकिन पैर कट गया है। बताया जाता है कि युवक को काफी गंभीर चोटें आई है तथा वह बेहोश हो गया था। जीआरपी ने उसके पॉकेट में मिले मोबाईल से उसकी पहचान की तथा उसके परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। बता दें कि बक्सर और डुमरांव स्टेशन पर आए दिन ट्रेन से गिरकर घायल होने और मौत की घटना होते रहती है। इसके बाद भी लोगों में जागरुकता नही आ रही।

# जलभरी के साथ कोरानसराय में 27 से शुरू होगा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

- भागवत कथा वाचिका देवी राधिका प्रियंवदा के कथामृत का पान करेंगे श्रद्धालु
- अभी से ही लक्ष्मीनारायण के जयघोष से गुंजायमान हो रहा पूरा इलाका

केटी न्यूज/डुमरांव



कोरानसराय गांव में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरूअता 27 फरवरी को कलश यात्रा व पंचांग पूजन के साथ होगा जबकि पूणार्हूति 5 मार्च को दी जाएगी। इस दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। महायज्ञ यज्ञाचार्य सह वैदिक विद्वान पवन द्विवेदी के देखरेख में संपन्न होगा। जिसमें नैमिष्यारण्य की सुप्रसिद्ध कथा वाचिका देवी राधिका प्रियंवदा श्रद्धालुओं को कथामृत का पान कराएंगी। इसके अलावे देश के कोने-कोने के कई अन्य चर्चित कथा वाचक व भागव कथा मर्मज्ञ इस महायज्ञ में शामिल होंगे। इस आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है तथा ग्रामीण पूरे मनोयोग से इस आयोजन को सफल बनाने में जुट गए है। इस महायज्ञ के मुख्य आयोजनकर्ता तथा तांत्रिक जनसेवा के महंत दीपक जी महाराज इस संबंध में बताया यह महायज्ञ 27 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा। पांच मार्च को पूणार्हूति के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महायज्ञ में देश के कोनें-कोनें से वैदिक पंडितों एवं संत महात्माओं का आगमन हो रहा है। यज्ञ अवधि में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के लिए कई विद्वान संत महात्माओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह है तथा ग्रामीण इसे सफल बनाने के लिए जी जान से जुट गए है। अभी तक महायज्ञ का मुख्य मंडप तथा साधु संतो के ठहरने वाली कुटिया का निर्माण करा दिया गया है। प्रवचन स्थल को भी तैयार किया जा रहा है। पूरे परिसर की साफ सफाई करवाई जा रही है। महायज्ञ के आयोजन से ग्रामीण इतने उत्साहित है कि अभी से ही गांव में लक्ष्मीनारायण का जयघोष सुनाई पड़ रहा है। आयोजन समिति के द्वारा महायज्ञ परिसर में साफ-सफाई और यज्ञमंडप को आकर्षक तरीके से सजाने की प्रक्रिया चल रही है। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर कोरानसराय सहित आसपास के इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है।

**प्रत्येक साल होता है महायज्ञ का आयोजनः** बता दें कि दीपक जी महाराज के द्वारा प्रत्येक साल कोरान सराय में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन करवाया जाता है। इसके पहले यह आयोजन गांव स्थित राधे कीर्तन ब्रह्म स्थान के पास करवाया जाता था। लेकिन इस बार आयोजन स्थल को बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर को साफ सुथरा करने के साथ ही उसे आकर्षक रूप देने के लिए ग्रामीण दिनरात एक किए हुए है। इस दौरान ग्रामीणों का उत्साह भी देखते बन रहा है। महायज्ञ परिसर को दुल्हन की तरह सजाने में दर्जनों युवा दिन रात मेहनत कर रहे है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से साधु संतों का जमावड़ा लगेगा। दूर दराज के श्रद्धालु भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने तथा कथामृत का पान करने आएंगे।

**भटकाव के रास्ते पर युवा... ब्रह्मपुर, रघुनाथपुर, कोरानसराय, मठिला के इलाके में बढ़ी हेरोइन की तस्करी**

# मादक पदार्थों के तस्कर व नशेड़ियों की गिरफ्त में डुमरांव अनुमंडल का इलाका

- बड़े पैमाने पर नशे का सेवन कर रहे युवा, पुलिस मौन
- सिमरी तथा दियारा का इलाका गांजा की तस्करी व सेवन के लिए कुख्यात

केटी न्यूज/डुमरांव



शराब बंदी कानून को लागू करने में पुलिस द्वारा बरती जा रही सख्ती से परेशान तस्कर व नशेड़ी अब शराब के विकल्प के तौर पर हेरोईन तथा अन्य मादक पदार्थों को देख रहे है। अनुमंडल इलाके में इन दिनों मादक पदार्थों की तस्करी व सेवन काफी बढ़ गया है। खासकर ब्रह्मपुर के रघुनाथपुर, कोरानसराय के स्थानीय गांव तथा मठिला इलाके हेरोईन तस्करी के साथ ही नशेड़ियों के चलते बदनाम हो रहा है। तो सिमरी तथा दियारा का इलाका गांजा की तस्करी व सेवन के लिए कुख्यात हो गया है।

इन इलाकों में कई ऐसे सुनसान जगह हैं जहां नशे के शौकीन पुलिस से निर्श्चिंत हो मादक पदार्थो का सेवन कर रहे है। वही इसके सौदागर आसानी से उन तक हेरोईन की खेप पहुंचा दे रहे है। खास यह कि लंबे समय से चल रहे मादक पदार्थों के तस्करी के इस खेल को पुलिस भी जान रही है। लेकिन छोटे-मोटे विक्रेताओं या कुछ नशेड़ियों को गिरफ्तार कर पुलिस भी अपना पीठ थपथपाने में लगी है।

जबकि जानकारों की मानें तो असली सौदागर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। जिस कारण क्षेत्र में निर्बाध रूप से इन मादक पदार्थों की आपूर्ति हो रही है। जिससे युवाओं तथा टीन एजर्स का भविष्य दांव पर लग रहा है। जानकारों की मानें तो मादक पदार्थों की लत पूरा करने के लिए नशेड़ी इलाके में छोटी मोटी चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

**शराबबंदी के बाद बढ़ा मादक पदार्थो का सेवनः** इस संबंध में केशव टाइम्स के हाथ एक वीडियो भी लगा है। जिसमें देखा जा रहा है कि तीन युवक एक जगह पर बैठ हेरोईन का सेवन कर रहे है। जब उनसे पूछा गया कि आखिर वे क्यों हेरोईन जैसे खतरनाक मादक पदार्थ को सेवन करते है तो उनका जबाव था कि शराबंदी के बाद उन्हें इसकी लत लगी। अब लत को पूरा करने के लिए हर दिन सैकड़ो रूपए खर्च करने पड़ रहे है। जिस कारण उनका परिवार तथा बच्चों का भविष्य भी चौपट हो रहा है। लेकिन पुलिस की शिथिलता से युवा मादक पदार्थों के दलदल में फंसते ही जा रहे है।

### मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात हैं कई इलाके, बड़े पैमाने पर मिले हैं मादक पदार्थ

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कई इलाके कुख्यात है। इनमें हेरोईन के लिए सबसे अधिक कुख्यात कोरानसराय थाना क्षेत्र का कोरानसराय, मठिला, ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र का स्थानीय दलित बस्त, रघुनाथपुर आदि, कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र का नोनियापुरा, टुड़ीगंज का इलाका जबकि गांजा तस्करी के लिए सिमरी थाना क्षेत्र का बलिहार, नगपुरा, बड़कागांव, रामपुर मठिया सहित कई अन्य इलाका शामिल है। जहां बड़े पैमाने पर गांजा की तस्करी की जाती है। हाल के दिनों में पुलिस की छापेमारी में इन इलाकों से मादक पदार्थों की खेप बरामद हुई है। जो साबित करती है कि इन इलाकों में मादक पदार्थो का धंधा परवान पर है।

**बर्बाद हो रही है पीढ़ियाः** मादक पदार्थों के सेवन करने वालों की पीढ़िया बर्बाद हो रही है। जानकार बताते है कि एक बार इसकी लत लग जाने से के बाद उसे छुड़ाना काफी मुश्किल हो जाता है। इसका नशा इतना तगड़ा होता है कि नशे के दौरान लोग सुध बुध खो देते है। जिसका असर उनके तथा उनके बाल बच्चों के भविष्य पर भी पड़ रहा है।

### क्या कहते हैं एएसपी

इस संबंध में एएसपी राज ने कहा कि इसकी जानकारी मिली है। पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए विशेष रणनीति बना रही है। जल्दी ही एक टीम बना चिन्हित स्थलों पर छापेमारी करवाई जाएगी।

## एक नजर

### दावथ की टीम बनी अंतरजिला फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता, अतिमी को 2-0 से हराया



**केसठ।** प्रखंड के रामपुर स्थित खेल मैदान पर अंतर जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को रोहतास की दावथ व बक्सर जिले के अतिमी की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें दावथ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अतिमी की टीम को 2-0 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। इसके पहले फाईनल मुकाबले का उदघाटन मुख्य अतिथि सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय एवं नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काट एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है, जो युवा वर्ग को एक दूसरे से जोड़ कर रखता हैं। खेल के क्षेत्र में भी युवा अपना भविष्य बना सकते हैं। खेल से युवाओं का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता हैं। फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला दावथ, रोहतास बनाम अतिमी, बक्सर के बीच खेला गया। खेल में दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ तक दावथ की टीम एक गोल से आगे रही। इसके बाद दावथ की टीम ने रोमांचक मुकाबले में अतिमि को दो गोल से हरा दिया। इस प्रकार दावथ की टीम ने दो गोल से जीतकर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। हालांकि अतिमी की टीम ने भी गोल करने के लिए कई मुव बनाए। लेकिन दावथ की रक्षण पंक्ति तथा गोलकीपर को भेद नहीं सके। लिहाजा उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वही खेल का नेतृत्व विकाश पासवान, आजाद पासवान एवं गोपाल पासवान ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका वृज बिहारी सिंह ने निभाई जबकि कमेंटेटर के रूप में मनोज पासवान थे। वही लाइन्स मैन की भूमिका उमेश पासवान, कृष्णा पासवान, विकास पासवान और अयोध्या पासवान से संयुक्त रूप से निभाई। अंत में मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर सरपंच विष्णुदेव पासवान, मंजू देवी समेत कई अन्य पंचायत प्रतिनिधि व सैकड़ो दर्शक मौजूद थे। इस मुकाबलें में लोगों में फुटबॉल के प्रति दीवानगी देखी गई। मैच के दौरान मैदान के चारों तरफ सैकड़ो दर्शक मौजूद थे। जो हर समय तालियां बजा और करतल ध्वनियों से खिलाड़ियों का हौसला अफजाई कर रहे थे।

### विजय नारायण बने 34 हजार 548 कोटी के जिलाध्यक्ष

**बक्सर।** रविवार को बक्सर के कवपदह पोखर के पास 34 हजार 548 कोटी के शिक्षकों की एक अहम बैठक संपन्न हुई। जिसमें नई कार्यसमिति का चयन किया गया। बैठक में भिन्न प्रखण्डों से काफी संख्या में उक्त कोटि के शिक्षक उपस्थित हुए थे। जिसकी अध्यक्षता विजय नारायण राय ने की। बैठक में मुख्य रूप से स्वतंत्र संगठन गठित करने एंव उसके संचालन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। शिक्षकों ने सर्वसम्मति से 34 हजार 548 कोटी के शिक्षकों का जिला स्तर पर स्वतंत्र संगठन गठित करने का निर्णय लिया। तय किया गया कि राज्य स्तर पर नंद किशोर ओझा की अध्यक्षता में संचालित संगठन से संबद्धता लिया जाएगा। नई कार्यसमिति में विजय नारायण राय को जिलाध्यक्ष एवं धर्मेन्द्र कुमार को सचिव चुना गया। सदस्यों ने प्रखण्ड स्तर पर संगठन इकाई का गठन अति शीघ्र करने का निर्णय भी लिया। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति भी बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से मंगरू प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार, विजय नारायण राय, शकिया प्रवीन, रीता कुमारी, किरण कुमारी, आरीफ अंसारी समेत कई अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## राजपुर में हत्या कर फेंका गया महिला का शव झाड़ियों से बरामद

केटी न्यूज/राजपुर

रविवार को राजपुर थाना क्षेत्र के चौसा-मोहनिया मुख्य मार्ग झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उसकी कहीं अन्यत्र हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की नियत से फेंके जाने की बात स्थानीय लोगों द्वारा कही जा रही है।

हालांकि संवाद संप्रेषण तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने उसका शव रोहिणीभान पुल के समीप झाड़ियों बरामद कर जांच में जुट गई है। मृतका की उम्र 30 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोपहर में किसी ग्रामीण की नजर इस पर पड़ी। देखते ही देखते वहां सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। लेकिन घंटो के प्रयास में भी ग्रामीण शव की शिनाख्त नहीं कर सके। जानकारों की मानें तो शव को सफेद रंग के कपड़े में लपेटकर फेंका गया था। उसके चेहरे, गले तथा शरीर के अन्य हिस्सों में जख्म के निशान भी मिले है। जिससे उसकी हत्या किए जाने की बात प्रतीत हो रही है।

राजपुर थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि आस पास के थानों में उसकी तस्वीर भेज पहचान का प्रयास किया जा रहा है। शव मिलने की चर्चा पूरे दिन आस पास के क्षेत्रों में होते रही। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## चोरी की घटनाओं का नहीं हुआ उदभेदन

**डुमरांव।** डुमरांव में हाल के दिनों में हुई पार्चुन दुकान और जूता-चप्पल की दुकान में चोरी की घटनाओं में पुलिस के हाथ खली है। जिस कारण व्यवसायियों में चोर उचक्कों का दहशत व्याप्त है। बता दें कि एक सप्ताह के अंदर चोरों ने डुमरांव में चोरी की दो बड़ी घटनाओं को अंजाम दे जहां पुलिस के सामने तगड़ी चुनौती पेश की है वही व्यवसायियों व दुकानदारों को भी दहशतजदा कर दिया है। चोरी की दोनों वारदातें बीच शहर की है। इस कारण भी अब व्यवसायी डरे सहमें हुए है। इसके अलावे आए दिन शहर में छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं हो रही है। तीन दिन पहले एक शादी समारोह में भी चोरों ने मोटा हाथ मारते हुए 13 लाख रूपए मूल्य के आभूषणों की चोरी कर ली है। इन घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## शादी समारोह में चोरों का तांडव, गायब किए 13 लाख रूपए के गहने, जांच में जुटी पुलिस

- डुमरांव नगर के चाणक्यां कॉलोनी की घटना, पुलिस ने दर्ज किया मामला

केटी न्यूज/डुमरांव

स्थानीय थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी कॉलोनी में एक शादी समारोह में चोरों ने तांडव मचाते हुए 13 लाख रूपए मूल्य के सोने और चांदी के गहनों की चोरी कर ली है। चोरों की इस हरकत के शादी का उत्साह फीका पड़ गया। किसी तरह रश्मों को पूरा किया गया। बताया जाता है कि चोरों ने ऐन वक्त पर आभूषण से भरे बैग का ताला तोड़ चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित भोजपुर जिले के अगियांव बाजार स्थित लहठान गांव का रहने वाला विनोद कुमार सिंह बताया जाता है। पुलिस पीड़ित के आवेदन पर मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### बैग में रखे करीब 300 ग्राम के सोने के आभूषण व 500 ग्राम चांदी के जेवर की चोरी

घटना को लेकर बताया जाता है कि पीड़ित दंपत्ति शहर के चाणक्यपुरी कॉलोनी में अपने एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। उसी के बैग में आभूषण रखा गया था। देर शाम दरवाजे पर जयमाल की रस्म में शामिल होने के लिए वह अपने बैग में आभूषणों को रख एक कमरे में रख दिया और मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने चला गया। कार्यक्रम के बाद जब कमरे में पहुंचा तो बैग का ताला टूटा देख दंग रह गया। जब बैग खोला तो उसमें रखे गये करीब 300 ग्राम के सोने के आभूषण तथा 500 ग्राम के चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली गयी थी, जिसकी कीमत करीब 13 लाख से अधिक की बतायी जाती है। इस मामले में पीड़ित ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में बारात में शामिल रिश्तेदार व अन्य लोगों से पूछताछ की जाएगी। वीडियो फुटेज खंगाला जाएगा।

**सोनवर्षा के एमडीजे पब्लिक स्कूल का 14 वां वार्षिकोत्सव मना, बच्चों ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर लोगों को वृद्ध जनों की उपेक्षा नहीं करने का दिया संदेश**

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरा जलवा, डांस व अभिनय की प्रस्तुति से जीता सभी का दिल

केटी न्यूज/नावानगर





सोनवर्षा के एमडीजे पब्लिक स्कूल का रविवार को 14 वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खुब जलवा बिखेरा। रंगारंग कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य संगीत के अलावा मनुष्य के सकारात्मक एवं नकारात्मक सोच पर आधारित नृत्य नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों ने गणेश वंदना एवं हे माननीय से अभिनंदन तथा स्वागतम-स्वागतम् गीत से किया। इसके बाद छात्राओं ने मैं नाचूं आज छम-छम, डोला रे डोला, मोहे पनघट पर नंदलाला, मेरे ढोलना सुन समेत अन्य रिकार्डिंग संगीत पर छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत कर ऐसा समां बांधा की कार्यक्रम के अंत तक लोग टस से मस नहीं हुए। इसके अलावे छात्रों ने भारतीय लोक नृत्य, बंगाली बाउंस डांस, मैथिली ग्रुप डांस, उड़ीसा ग्रुप डांस समेत अन्य राज्यों के लोकप्रिय डांस पर खुब वाहवाही लूटी। वही कितना मुश्किल है..... गीत के साथ छात्रों ने कव्वाली प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। जबकि गंगा स्नान एवं न कांटों मुझे दुखता है नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर लोगों को वृद्ध जनों को उपेक्षा नहीं करने तथा पर्यावरण बचाव करने का संदेश दिया। वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम में विद्यालय के पिटारे में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम था। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में अभिभावकगण एवं शिक्षाप्रेमी मौजूद थे।

**किताबी पढ़ाई के साथ अन्य ज्ञान देना जरुरीः** एमडीजे पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के भूमि सुधार एंव राजस्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, जगदीशपुर विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया एवं विद्यालय के निदेशक डॉ. नंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान भूमि सुधार एंव राजस्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय एक ऐसी मंदिर स्थल है, जहां बच्चों का भविष्य निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी पढ़ाई के साथ बाहरी हुनर का ज्ञान देना जरुरी है। जिससे की बच्चें पूरी तरह परिपूर्ण हो सके। अंत में उन्होंने बच्चों के कला देखकर कहा खुब सराहना किया। वही जगदीशपुर विधायक ने बच्चों पर अभिभावकों व शिक्षकों को गाइडलाइन करने की सलाह देते हुए कहा कि अपने माता पिता व गुरु का आदेश के अनुरूप कार्य करने वाले बच्चें ही मंजिल की ओर अग्रसर होते है। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. नंद कुमार सिंह ने विद्यालय के उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा की हमारा स्कूल परिवार बेहतर शिक्षा के लिए संकल्पित है। इस मौके पर अतिथियों ने यह भी कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेना जरूरी है।

कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया।कार्यक्रम में पूर्व विधायक बिजेन्द्र यादव, जिला परिषद अध्यक्ष विद्या भारती, जिला पार्षद सदस्य राजीव यादव, विद्यालय के प्राचार्य एके घोष समेत सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टांप मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### डिप्टी सीएम ने ओमप्रकाश राजभर को लगाया गले

**गाजीपुर।** विधानसभा के डिजिटल गैलरी के उद्घाटन समारोह में डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने ओमप्रकाश राजभर को गले लगाकर अति पिछड़ों के राजनीति में एक बड़ा सियासी दांव खेला है। मौर्यवंशी और राजभर समाज मिलकर समाजवादी पार्टी के एमवाई फैक्टर का मुंहतोड़ जबाब दे सकते हैं, जिसको लेकर विपक्षी दलों में काफी सरगर्मी है। भाजपा यूपी में हारी हुई 14 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में सीएम योगी, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष से लगाई जिलाध्यक्ष तक लागातार इन लोकसभाओ में बैठक व जनसभा कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उधर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने धोबिया पाठ दांव खेलकर शिवपाल यादव को राष्ट्रीय महासचिव बनाकर सैफई परिवार में जो एकता का संदेश दिया है। जिससे पूरे प्रदेश के समाजवादी कार्यकताओं में जोश भर गया है। इस जोश पर ठंडा पानी फेंकने के लिए राजनीतिक दांव के माहिर डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने भी ओमप्रकाश राजभर को गले लगाकर सियासी संदेश दिया कि मोस्ट बैकवर्ड जाति, राजभर, कुशवाहा और बिंद एक पात में आ जाए तो भाजपा के लिए 80 में से 80 सीटों पर जीत का दावा बेहद आसान हो जाएगा।

### ट्रेन से कटकर युवती ने दी जान

**मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के परदहां रेलवे फाटक से 500 मीटर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने ट्रेन के नीचे आकर आत्महत्या कर ली। युवती का नाम रानी चौहान पुत्री विश्वनाथ चौहान था। वह छोटी राहजनियां थाना कोतवाली की रहनेवाली थी। रविवार की भोर लगभग 5:00 बजे उसने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# एसपी का निर्देश... गैर जनपद की सीमाओं पर विशेष निगरानी रखें

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



- गाजीपुर पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन
- एसपी ने मादक पदार्थों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का दिया निर्देश
- सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए दिया आदेश

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम विभिन्न थानों से आए कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके बाद सभी थानों के थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की गई। गैर जनपद से लगे सीमाओं पर किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतने के लिए निर्देश दिया गया। मादक पदार्थों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी को सख्त निर्देश दिया गया कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को कदापि न बख्शा जाए। सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए आदेशित किया गया तथा यह भी निर्देश दिया गया कि किसी भी थाना क्षेत्र में कोई भी अपराध घटित न होने पाए। अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं कड़ी कार्रवाई की जाए। थाने के हिस्ट्रीशीटरों पर थाने के सिपाही से लेकर थाना प्रभारी तक नजर रखें। प्रत्येक थाना प्रभारी थाने पर आए हुए फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने एवं प्राप्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश एसपी ने दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में इसका पालन हो। आदेश नहीं माननेवालों पर कार्यवाही होगी। सभी आरक्षियों/महिला आरक्षियों को उनके बीट में भेजे व उनसे जानकारी प्राप्त करें। घटित घटनाओं से सम्बन्धित अपराधियों की गिरफ्तारी में तत्परता दिखाते हुए अतिशीघ्र गिरफ्तार करें। अपराध गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं समस्त क्षेत्राधिकारी तथा समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहें।

### मां दुर्गा व काली मंदिर का वार्षिक श्रृंगारोत्सव आज

**गाजीपुर।** नगर पंचायत सैदपुर कार्यालय के बगल में स्थित मां दुर्गा व काली मंदिर का वार्षिक श्रृंगारोत्सव 20 फरवरी को परम्परागत ढंग से मनाया जायेगा। इस मौके पर वैदिक रीति रिवाज के साथ हवन पूजन किया जायेगा। वहीं देवी देवताओं की झांकी संग भजन संध्या और वृहद भंडारा का आयोजन होगा। आयोजन प्रमुख दीपक गुप्ता ने बताया कि विशेष पूजा, अर्चना एवं अनुष्ठान के साथ 20 फरवरी 1997 को दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

## प्रदेश के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालू ने बैठक कर कार्यक्रम की दी जानकारी

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 27 को करेंगे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का शिलान्यास

**केटी न्यूज/बलिया**

ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का शिलान्यास के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 27 फरवरी को बलिया आ रहे हैं। इसको लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालू ने कहा कि सड़क के निर्माण से विकास का रास्ता खुलता है। आज पूरे प्रदेश में छह एक्सप्रेस वे हैं। प्रदेश को एक्सप्रेस वे का प्रदेश कहा जा रहा है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के बारे में कहा कि यह बलिया के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का अपील किया।

मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया के सौभाग्य का दिन है जो वर्षों से प्रतिक्षा थी। अब वह बलिया में पूरा हो रहा है। उजीयार घाट तक एक्सप्रेस वे व बलिया में एक बाईपास हो जाना चाहिए। यूपीडा के माध्यम से यह काम होगा। कहा कि मेरा प्रयास है कि बलिया को बम्बई जैसे बनाना है। वह पूरा होगा। कहा कि कटहल नाला पर रामपुर महावल के पास रेगुलेटर का निर्माण हो रहा है। कटहल नाले के किनारे बहादुरपुर से बसंतपुर तक सड़क का निर्माण व बसंतपुर को प्रयटन केन्द्र बनाने का मेरा प्रयास है जिस पर शीघ्र काम शुरू हो जाएगा। भृगु मन्दिर का ध्वज कम से कम एक सौ आठ फीट का हो। कहा कि 250 करोड़ रुपया बलिया को मिलेगा



- मंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहा-मेरा प्रयास है कि बलिया को बम्बई जैसा बनाना है
- कटहल नाले के किनारे बहादुरपुर से बसंतपुर तक सड़क का निर्माण व बसंतपुर को प्रयटन केन्द्र बनाने की दिशा में जल्द शुरू होगा काम
- भृगु मन्दिर का ध्वज कम से कम एक सौ आठ फीट का हो
- 250 करोड़ रुपया बलिया को मिलेगा, जिससे एसटीपी प्लांट बनेगा।

जिससे एसटीपी प्लांट बनेगा। कहा कि केन्द्रीय खेल मंत्री ने खेल के विकास के लिए पचास करोड़ रुपए देने की बात कही है। सांसद निरज शेखर ने कहा कि ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे विकास का मार्ग प्रशस्त होगा उन्होंने इसके लिए सांसद विरेंद्र सिंह मस्त के प्रयास की भी सराहना की।

कार्यक्रम में सांसद सकलदीप राजभर, विनोद शंकर दूवे,विजय बहादुर सिंह,राजधारी सिंह, शिवशंकर चौहान, संजय यादव,माधव प्रसाद,नकुल चौबे, संजय मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, अमिताभ उपाध्याय, रामजी सिंह, मनोरमा गुप्ता, रंजना राय, आलोक शुक्ला,संजय यादव, सत्येन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, अंजनी राय, प्रतुल ओझा, नितु पाण्डेय, अश्वनी सिंह लिटील, संतोष पाण्डेय, पंकज सिंह, बबन सिंह रघुवंशी, अंकूर उपाध्याय, पियूष चौबे, आशुतोष सिंह,अभिषेक सोनी, देवब्रत दूबे, सेतनाथ गुप्ता, पप्पू पाण्डेय आदि मौजूद रहे।अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू व संचालन प्रदीप सिंह ने किया।

### एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए कार्यदायी संस्थाओं को दिया गया 18 महीने का समय

इस कार्यक्रम का संयोजक उपेन्द्र तीवारी को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्थाओं को 18 माह का समय दिया गया है। शासन की मंशा है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। लगभग छह हजार करोड़ की लागत, जिसमें किसानों की भूमि का मुआवजे भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाला एक और लिंक एक्सप्रेसवे भरौली पुल के पास पहुंचेगा। जिससे न सिर्फ बिहार प्रांत दोनों तरफ से जुड़ जाएगा बल्कि किसानों को अपना कृषि उत्पाद महानगरों में भेजने में सुगमता होगी। कृषि उत्पाद का अच्छा मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रीन फील्ड वे एक्सप्रेस के शिलान्यास के समय केंद्रीय मंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ सकते हैं। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने समस्त पदाधिकारियों व मण्डल अध्यक्ष से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। कहा कि संख्या इतनी पहुंचें कि केन्द्रीय मंत्री बलिया के लिए और योजना की घोषणा कर दें। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयास से जनपद का कायाकल्प होगा।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर निकली शिव बारात



**मऊ।** जिले में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से श्रद्धालु भक्तों द्वारा मनाया गया। इस पर्व पर शहीद चौक से शिव बारात निकाली गई। जो कस्बे के सैदपुर मोहल्ले में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के साथ महाशिवरात्रि पर्व संपन्न हुआ। शिव बारात में श्रद्धालु भक्त गाजे-बाजे के साथ नाचते झूमते नजर आए। शहीद चौक की स्थिति प्राचीन शिव मंदिर भगवान शिव की बारात गाजे-बाजे के साथ शनिवार संध्या 7:00 प्रारंभ हुई । जिसमें कस्बे के समाजसेवी दोनों मंदिरों के समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु भक्त बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते मुख्य बाजार से होते हुए कस्बे के सैदपुर मोहल्ले में स्थित प्राचीन शिव मंदिर शिव बारात पहुंची जहां पर भगवान भोले एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ जब माता पार्वती एवं भगवान शिव एक दूसरे के गले में वरमाला पहला रहे थे तो उस सुंदर एवं वैवाहिक दृश्य तथा कार्यक्रम को देखकर उपस्थित श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। और जोर-जोर से हर हर महादेव के नारे लगाने लगे। शिव बारात में भूत-प्रेत, चुड़ैल ,राक्षस ,तरह-तरह के कलाकारों ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया । इससे बारात में समाजसेवी एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक गुप्ता डायमंड जगदीश प्रसाद गुप्ता सहित हजारों श्रद्धालु साथ साथ चल रहे थे इस दौरान पुलिस प्रशासन की भी व्यवस्था पूरी तरह से चौकस रही ।

### बाबा चौमुखधाम धुवार्जुन दंगल प्रतियोगिता में नामचीन अखाड़ेबाजों ने दिखाया दांव-पेंच

**गाजीपुर।** बाबा चमुखनाथ धाम धुवार्जुन में आयोजित कुश्ती दंगल का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सच्चेलाल यादव ने पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप मे देवनाथ कुशवाहा, राम अवध यादव आदि मौजूद थे। दंगल प्रतियोगिता में विराट करमपुर ने जगदीश जंगीपुर, पंकज बिरनो ने श्यामजीत जंगीपुर को पराजित किया, जो पूरे दंगल में आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहा। इसके अलावा दीवाकर तलीसा ने अविनाश रसुलपुर ,कन्हैया धरवां ने अविनाश टड़ियांव, प्रेम कुसुमी खुर्द ने मनोज पनिक्सा, सुरज धरवां ने सतेंदर जंगीपुर, सुनिल हंसराजपुर ने सुभम पनिक्सा, रमजान हंसराजपुर ने रघुबीर तियरा, मोनू पनिक्सा ने बृजेश धरवां को आसमान दिखाकर विजेता बने। इसके अलावा आशुतोष भितरी व प्रियांसू पनिक्सा, अजीत पनिक्सा ने छोटू भितरी, राम अशीष धरवां व अमन करमपुर, अभिषेक छपरा व शैलेन्द्र करमपुर, अनिल हंसराजपुर व विशाल करमपुर के बीच बराबर पर छुटी। कुश्ती दंगल मे वेचन राय ने बेजनाथ पहलवान खुटवां, सुधीर पाण्डेय ने महेन्द्र पहलवान पनिक्सा, विनोद राय ने धीरज पहलवान धुवार्जुन, मुकेश राम ने रामकरन पहलवान विरनो, नमन राजभर ने विरेन्द्र प्रधान खोजनपुर, दिनेश राजभर ने कलपू पहलवान विशुनपुर कलां, राजू राजभर ने रामजी पहलवान धुवार्जुन, प्रभातराय ने हरेन्द्र पहलवान वलियां को अंगवस्त्रम व माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया। अंत में कार्यक्रम के आयोजक पंकज राय व सुधीर पाण्डेय ने आये हुए लोगों के प्रति आभार ब्यक्त किया। सुरक्षा की ब्यवस्था में सैदपुर के थानाध्यक्ष कमला प्रसाद अपने दल बल के साथ मौजूद थे।



### स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी ने जीता स्वर्गीय गौरी भईया फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब

**बलिया।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित 'स्वर्गीय गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता' के फाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी ने स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई को 2-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया । जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने बतौर मुख्य अतिथि फाइनल मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य सभा सांसद नीरज शेखर एवं राज्य सभा सांसद सकलदीप राजभर ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन को ऐतिहासिक बताया । समापन समारोह की अध्यक्षता सांसद बलिया वीरेंद्र सिंह मस्त ने की । समस्त आगंतुकों का स्वागत एवम धन्यवाद ज्ञापन प्रतियोगिता के संयोजक पूर्व खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया। उपेंद्र तिवारी ने समस्त अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह भेंट किया।



## लापरवाही... निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जखनियां कोतवाली के भुड़कुड़ा थाना अंतर्गत विजय हॉस्पिटल में प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में शोक व आक्रोश व्याप्त हो गया। बता दें कि बीना यादव (32) पत्नी ओमप्रकाश यादव को शनिवार की शाम प्रसव पीड़ा होने के बाद परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां ले गए, वहां पर कार्यरत स्टाफ नर्सो ने मरीज को चेक किया और बताया कि नॉर्मल डिलीवरी रात 12:00 बजे तक हो जाएगी। रविवार की भोर में चार बजे स्टाफ नर्स ने बताया कि ऑपरेशन से बच्चा निकालना पड़ेगा। इसकी सुविधा सरकारी अस्पताल पर नहीं है। उन्होंने क्षेत्र के ही प्राइवेट अस्पताल विजय हॉस्पिटल में उन्हें जाने की सलाह दी। इस पर प्रसूता को लेकर परिजन विजय हॉस्पिटल पहुंच गए, भोर में ही ऑपरेशन द्वारा बच्चा पैदा किया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जच्चा और बच्चा की हालत सीरियस बताते हुए कहा कि इसे दूसरे हॉस्पिटल में दिखाना पड़ेगा। जिस पर परिजन बच्चे को लेकर आराध्या हॉस्पिटल मऊ चले गए, जहां बच्चे का इलाज शुरू हुआ। लेकिन एक घंटे बाद बच्चे की मृत्यु हो गई। उसी दौरान विजय हॉस्पिटल से परिजनों को फोन कर बताया गया कि प्रसूता की हालत गंभीर होती जा रही है। ब्लड नहीं रुक रहा है। इनके बच्चेदानी का ऑपरेशन करना पड़ेगा, तब परिजनों ने ऑपरेशन करने की बात कही। लेकिन ऑपरेशन के दौरान ही तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर विजय हॉस्पिटल के लोगों ने बिना किसी को जानकारी दिए प्रसूता को लेकर किसी प्राइवेट अस्पताल चले गए, लेकिन प्रसूता की रास्ते में ही मौत हो गई। इसकी जानकारी परिजनों को होते ही लोग हॉस्पिटल सहित कोतवाली पर पहुंचने लगे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां की नर्स सहित विजय हॉस्पिटल के कर्मचारियों की मिलीभगत से हुई मौत की तहरीर थाने पर दी।

## दो परियोजनाएं स्वीकृत... रेवती में दो व रसड़ा में डेढ़ करोड़ से होगा जल निकासी का प्रबंध

**केटी न्यूज/बलिया**

शासन ने नगरीय क्षेत्र में जल निकासी के लिए जनपद के दो निकायों के लिए परियोजनाएं स्वीकृत की है। इसमें रेवती नगर पंचायत के लिए दो करोड़ और रसड़ा नगरपालिका के लिए डेढ़ करोड़ की धनराशि स्वीकृत करते हुए पहली किस्त में 50 और 37 लाख रुपये जारी कर दिया गया है। धनराशि से वार्डों में नालों का निर्माण कराया जाएगा। बारिश में होने वाले जलभराव को देखते हुए विभिन्न निकायों की ओर से एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। नगर पालिका और नगर पंचायत में जल निकासी के लिए पिछले दिनों विभिन्न निकायों की ओर से प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने नगरीय क्षेत्र में जल निकासी के लिए दो परियोजनाएं स्वीकृत की है।

### रेवती में होंगे ये कार्य

वार्ड आठ में मेन बोंड से अन्त्येष्टि स्थल तक पुलिया और कवर्ड नाला, मुन्नी लाल के मकान से पुलिया के आगे तक कवर्ड आरसीसी नाला, वार्ड 15 में रामजी साहनी के डेरे से पुलिया तक आरसीसी कवर्ड नाला, वार्ड आठ में मुन्ना पांडेय के खेत से अन्त्येष्टि स्थल पुलिया तक कवर्ड आरसीसी नाला, वार्ड 15 में अन्त्येष्टि स्थल पुलिया से दह तक आरसीसी नाली वार्ड तीन में बस स्टैंड से थाना तक कवर्ड आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाएगा।

### रसड़ा में होंगे ये कार्य

डीके सिंह के मकान से रामबाबू के मकान तक नाला मरम्मत, सिल्ट सफाई, आरसीसी ढक्कन का कार्य, डोम डेरवा से डॉ. राजीव के मकान तक नाला उच्चीकरण, सिल्ट सफाई एवं ढक्कन निर्माण, रामानुज मिश्रा के अहाता से डोमडेरवा तक नाला सिल्ट सफाई एवं ढक्कन निर्माण, बृजेश सिंह के मकान से रमेश सिंह के मकान तक नाला मरम्मत, सिल्ट सफाई व ढक्कन, मैरेज हाल से जमशेद के मकान तक नाला सिल्ट सफाई एवं ढक्कन निर्माण कार्य होगा।

## मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने व्यापारियों के साथ की बैठक, समस्याएं सुनने के साथ उसके समाधान पर भी की बात

# बलिया का होगा चहुमुखी विकास, रोजगार के नए-नए अवसर मिलेंगे

**केटी न्यूज/बलिया**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने रविवार को उद्योग बंधुओ और व्यापारिक बंधुओं के साथ कलेक्टरेट सभागार में बैठक की। इसका उद्देश्य उद्योग बंधुओ और उनकी समस्याओं को सुनना और उसका समाधान करना था। सबसे पहले सभागार में उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर समिट डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। उसके उपरांत उद्योग बंधुओ ने अपने निवेश के संबंध में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। उद्योग बंधुओ ने बताते हुए कहा कि उन्हें बिजली, पानी,सड़क, सफाई और सुरक्षा की आवश्यकता है। जिससे वे अपना व्यापार आसानी से कर सकें तथा उसे और अधिक बढ़ा सके।



दयालु ने कहा कि जिस उद्देश्य से आज हम उपस्थित हुए है वह पूरा होता हुआ दिखाई दे रहा है। पहली बार बलिया में 62 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी की पहल से उप्र में पहली बार विदेशों से सात लाख करोड़ का इन्वेस्ट आया है। मुख्यमंत्री कई बार बलिया आ चुके हैं। इसका उद्देश्य बलिया में उद्योग धंधों को विकसित करना है जिससे बलिया का चहुमुखी विकास होगा। दयालु ने कहा कि बलिया का स्वर्णिम समय आ गया है। रोजगार के नए-नए अवसर मिलेंगे और अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी। कोई भी अपराधी बचेगा नहीं। शासन प्रशासन सभी आप लोगो के साथ है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि बलिया में बहुत से बाईपास बनाए जा रहे हैं साथ ही ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। व्यापारी बंधु अगर चाहें तो इन बाईपास और एक्सप्रेस वे के किनारे भी उद्योग धंधे स्थापित कर सकते हैं।

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने कहा कि रसड़ा में स्थित कताई मील और गन्ना मील को फिर से शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहां थी इसके लिए 50 एकड़ भूमि उपलब्ध है। जब भी आप चाहे वहां पर उद्योग धंधे स्थापित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की तरफ से आपको हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने कहा कि उद्योग बंधु और व्यापारियों को किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नहीं है। उनकी हर तरह से सुरक्षा की जाएगी। साथ ही उनके उद्योग धंधों और व्यापार की भी सुरक्षा करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। इसके लिए प्रशासन हमेशा से तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। उद्योग बंधुओं और व्यापारियों ने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार ने जिले स्तर पर इन्वेस्टर समिट कराके हम लोगो का न केवल मान सम्मान बढ़ाया है बल्कि उद्यमियों और व्यापारियों को और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। व्यापारी बंधुओं ने जिलाधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिलाधिकारी के आने के बाद जिले के हर क्षेत्र में सुधार आया है।